संख्या-009/वीजीएल/002
भारत सरकार
केन्द्रीय सतर्कता आयोग
*****

सतर्कता भवन, ब्लॉक-ए,
जी.पी.ओ. काम्पलेक्स,
आई.एन.ए.,
नई दिल्ली-110023
दिनांक : 26.04.2010

परिपत्र सं0 18/04/10

विषय: ई-निविदा समाधान का कार्यान्वयन - जांच सूची ।

उपर्युक्त विषय पर, इस कार्यालय के दिनांक 17.09.2009 के समसंख्यक कार्यालय ज्ञापन में दिशानिर्देश निर्धारित किए गए थे जिसमें संगठनों को यथोचित सावधानी रखने की सलाह दी गई थी कि किसी भी दुरूपयोग को रोकने के लिए प्रणाली में प्रभावकारी सुरक्षा प्रावधान बनाए जाएं । मुख्य तकनीकी परीक्षक संगठन द्वारा सुरक्षा लेखा परीक्षा करने के दौरान यह देखा गया कि कुछ संगठनों द्वारा प्रयोग किए जा रहे ई-प्रापण समाधान में सुरक्षा प्रावधानों का अभाव है जिनका आयोग के दिनांक 17.09.2009 के दिशानिर्देशों में उल्लेख किया गया है । कुछ दोष/त्रुटियां बार-बार की जा रही हैं ।

ई-प्रापण समाधान में सुरक्षा पक्ष को प्राप्त करने के लिए एक जांच सूची सूचना के लिए संलग्न है । सुरक्षा संबंधित चिन्ताओं को दूर करने के लिए ई-निविदा समाधान का कार्यान्वयन करते समय संबंधित संगठन इनका अनुपालन करें ।

(वी. रामाचन्द्रन)
मुख्य तकनीकी परीक्षक

सेवा में

मंत्रालयों/विभागों/सार्वजनिक उपक्रमों/बैंकों/बीमा कंपनियों/स्वायत्त संगठनों/समितियों/संघ शासित प्रदेशों के सभी मुख्य सतर्कता अधिकारी ।

ई-प्रापण समाधान में सुरक्षा पक्ष को प्राप्त करने के लिए जांच सूची

क्र. सं.	सुरक्षा पक्ष	निशान (tick) लगाएं	
1	क्या सिर्फ कुछ विक्रेताओं को गुमराह करने के लिए, निविदा नोटिस के इलैक्ट्रोनिक पोस्टिंग में किसी अस्थाई विकृति की स्थिति में अनुप्रयोग (application) सुरक्षित है ?	हां	नहीं
2	उपर्युक्त 2 में यदि हां, तब इस संबंध में क्या अनुप्रयोग (application) में दैनिक अपवाद रिपोर्ट के रूप में स्वचालित चेतावनी प्रणाली उपलब्ध कराई गई है ?	हां	नहीं
3	क्या अनुप्रयोग (application) सुनिश्चित करता है कि बोलीकर्ताओं को जारी किया गया/ उनके द्वारा डाउनलोड किया गया निविदा दस्तावेज अपने सभी शुद्धिपत्रों सहित अनुमोदित निविदा दस्तावेज के अनुसार पूर्ण है ?	हां	नहीं
4	क्या अनुप्रयोग (application) में निविदाकर्ता को दिए गए दस्तावेजों में अविद्यमान पृष्ठों का पता लगाने एवं चेतावनी के लिए कोई जांच उपलब्ध है, यदि कोई है तो ?	हां	नहीं
5	क्या अनुप्रयोग (application) सुनिश्चित करता है कि सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी सभी शुद्धिपत्रों के बारे में सभी बोलीकर्ताओं को उचित प्रकार से सूचित किया जा रहा है जिन्होंने दस्तावेजों का क्रय पहले ही कर लिया था /देय समय तथा शुद्धिपत्र के अपलोड होने से पहले ही बोली को डाउनलोड कर लिया था ?	हां	नहीं
6	क्या प्रणाली एक ही ई-निविदा प्रक्रिया के बारे में भिन्न बोलीकर्ताओं को भेदमूलक सूचना भेजने से सुरक्षित है ?	हां	नहीं
7	क्या ई-प्रापण समाधान को सभी प्रकार के निविदा जैसे सीमित/मुक्त/वैश्विक निविदा पर कार्रवाई करने के लिए परिवर्तित भी किया गया है ?	हां	नहीं
8	क्या अनुप्रयोग (application) में ऑनलाइन पबिलक टेंडर ओपनिंग इवेन्ट्स विशेषता उपलब्ध है ?	हां	नहीं
9	क्या अनुप्रयोग (application) में बोली दस्तावेजों में निर्धारित मानदंड के अनुसार मूल्यांकन/बोली को लोड करने की सुविधा उपलब्ध है ?	हां	नहीं
10	क्या अनुप्रयोग (application) में असफल प्रयास ब्लाकिंग पर कार्रवाई करने के लिए पर्याप्त पूर्वोपाय हैं ?	हां	नहीं
11	क्या अनुप्रयोग (application) नकली बोली के प्रस्तुतीकरण से सुरक्षित है ?	हां	नहीं
12	क्या बोली का कोडीकरण उपभोक्ता की ओर किया गया है ?	हां	नहीं
13	क्या बोली के खुलने से पहले, जमा करने के दौरान प्रस्तुत बोली की सूचना का हेर फेर तथा चोरी के विरूद्ध सुरक्षा सुनिश्चित है ?	हां	नहीं
14	क्या अनुप्रयोग (application) निविदा खोलने वाले अधिकारी की	हां	नहीं

	कोडीकरण की गई पब्लिक की (public key) के साथ बोली की गुप्त प्रति साइफन तथा अकोडीकरण से सुरक्षित है ?		
15	क्या अनुप्रयोग (application) विकृति / तोड़ फोड़ अथवा अन्यथा से सुरिक्षित है जो जमा करने के दौरान ई-निविदा बक्से में कोडीकृत बोली को बोली खुलने से पहले इसे पढ़ने अयोग्य /किसी रूप में अवैध करती हो ?	हां	नहीं
16	क्या अनुप्रयोग (application) में उपभोक्ताओं द्वारा विशेष अक्षर / निष्पादन करने योग्य फाईल आदि के परिचय पर पाबंदी है ?	हां	नहीं
17	क्या सर्वर में डी.एस.सी. की वैधता जांच की जा रही है ?	हां	नहीं
18	क्या प्रणाली में यह विशेषता है कि अनुप्रयोग (application) से एक प्रकाशित निविदा हटाने पर भी प्रणाली डाटाबेस से प्रकाशित निविदा को स्थाई रूप से हटाने की अनुमति नहीं है ?	हां	नहीं
19	क्या आई.डी., पासवर्ड, डिजीटल हस्ताक्षर, बायोमैट्रिक आदि जैसे प्रणाली एडमिनिस्ट्रेटर के प्रमाणीकरण प्रक्रिया के लिए अनुप्रयोग (application) में पर्याप्त सुरक्षा विशेषता उपलब्ध है ?	हां	नहीं
20	मीडिया पर अनुप्रयोग (application) में क्या ऑडिट ट्रेल पकड़ी जा रही है जिसमें छेड़छाड़ नहीं हो सकती है जैसे आप्टिकल राइट ?	हां	नहीं
21	क्या वहां लॉग शिपिंग विशेषता उपलब्ध है, जहां एक पृथक समर्पित सर्वर सही समय में वेब सेवा में अनुप्रयोग (application) से लॉग प्राप्त करता है ?	हां	नहीं
22	क्या सर्वर घड़ी समक्रमण तथा समय अंकित करने में ईमानदारी तथा छेड़ छाड़ न होना सुनिश्चित किया गया है ?	हां	नहीं
23	क्या अनुप्रयोग (application) कोई अपवाद रिपोर्ट / प्रणाली सजगता आदि बनाता है ताकि घड़ी के पुन: सैट करने पर संकेत करे, यदि समय अंकन अनुप्रयोग (application) सर्वर के स्तर पर बन्द कर दिया गया है तथा समय को बदल दिया गया है ?	हां	नहीं
24	क्या अनुप्रयोग (application) सुनिश्चित करता है कि विभिन्न बोलीदाताओं द्वारा लगाई गई बोली ई-रिवर्स ऑकशनिंग प्रक्रिया को करने के दौरान संगठन सहित किसी को भी प्रदर्शित नहीं किए जा रहे हैं ?	हां	नहीं
25	क्या अनुप्रयोग (application) निविदा प्रक्रिया की आवश्यकताओं के साथ अर्थात निविदा के वास्तविक रूप से खुलने तक निविदाकर्ता की प्रमाणिकता, स्वीकार्य तथा सूचना की गुप्तता का पालन करने के लिए सही है ।	हां	नहीं
26	क्या कोई व्यापक तीसरा पक्ष लेखा परीक्षा (सांविधिक आवश्यकता के अनुसार तथा ई-निविदा प्रक्रिया की आवश्यकताओं के अनुसार भी (सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम 2000 का अनुपालन)) लोक प्रयोग के लिए रखने से पहले संचालित किया गया है ?	हां	नहीं
27	क्या अनुप्रयोग (application) ई-प्रापण प्रणाली के लिए सुरक्षा पक्ष पर आयोग के दिनांक 17.09.2009 के दिशानिर्देशों का अनुपालन करता है ।	हां	नहीं